-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 02.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध गांजे के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 3.13 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन ईगल"** के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध गांजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली पुलिस को दिनांक 01/02.06.2026 की रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम गुरेह में एक संदिग्ध व्यक्ति पीठ पर बैग लिए खड़ा था जो पुलिस को देखकर वहां से जाने लगा। पुलिस को शक होने पर व्यक्ति को रोककर भागने का कारण व नाम पता पूछते हुए बैग की तलाशी ली गई तो उसके बैग से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ जिसका कुल वजन 03 किलो 132 ग्राम था। पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे को कब्जे में लिया गया तथा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी-

- 03 किलो 132 ग्राम अवैध सूखा गांजा।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. लवकुश पुत्र अवधेश निवासी बिरंची का पुरवा मजरा गुरेह थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0- 147/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री शमीम अहमद सिद्दकी
2. कां0 जितेन्द्र क कुमार
3. कां0 अभिषेक मिश्रा
4. कां0 सचिन पटेल